**SET-1**

**Series SGN**

कोड नं.
**Code No. 59/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **27** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **15** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **27** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# राजनीति विज्ञान

# POLITICAL SCIENCE

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

**सामान्य निर्देश :**

*(i)* **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।

*(ii)* प्रश्न संख्या **1 – 5** तक प्रत्येक प्रश्न **एक** अंक का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **20** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(iii)* प्रश्न संख्या **6 – 10** तक प्रत्येक प्रश्न **दो** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **40** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(iv)* प्रश्न संख्या **11 – 16** तक प्रत्येक प्रश्न **चार** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(v)* प्रश्न संख्या **17 – 21** तक प्रत्येक प्रश्न **पाँच** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

*(vi)* प्रश्न संख्या **21** मानचित्र पर आधारित प्रश्न है । इसके उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए ।

*(vii)* प्रश्न संख्या **22 – 27** तक प्रत्येक प्रश्न **छः** अंकों का है । प्रत्येक प्रश्न का उत्तर **150** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।

**General Instructions :**

*(i)* ***All*** *questions are compulsory.*

*(ii)* *Questions number* ***1 – 5*** *are of* ***one*** *mark each. The answers to these questions should not exceed* ***20*** *words each.*

*(iii)* *Questions number* ***6 – 10*** *are of* ***two*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***40*** *words each.*

*(iv)* *Questions number* ***11 – 16*** *are of* ***four*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***100*** *words each.*

*(v)* *Questions number* ***17 – 21*** *are of* ***five*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

*(vi)* *Question number* ***21*** *is a map-based question. Write its answers in your answer-book.*

*(vii)* *Questions number* ***22 – 27*** *are of* ***six*** *marks each. The answers to these questions should not exceed* ***150*** *words each.*

**1.** 'पश्चिमी गठबंधन' से क्या अभिप्राय है ? *1*

What is meant by 'Western Alliance' ?

**2.** श्रीलंका में जातीय संघर्ष के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा एक कथन ***असत्य*** है ? *1*

(a) श्रीलंका में राजनीति खुले तौर पर सिंहली लोगों की पक्षधर थी ।

(b) तमिलों के हितों की अनदेखी की जाती थी ।

(c) तमिल ऐलम के लिबरेशन टाइगर्स को सार्क देशों का समर्थन प्राप्त था ।

(d) श्रीलंका में राजनीतिक समानता नहीं थी ।

Which one of the following statements about the ethnic conflict in Sri Lanka is ***false*** ?

(a) Politics in Sri Lanka openly favoured the Sinhalas.

(b) Interests of Tamils were neglected.

(c) Liberation Tigers of Tamil Elam were supported by the SAARC countries.

(d) There was no political equality in Sri Lanka.

**3.** 1977 में काँग्रेस पार्टी की पराजय के किसी एक कारण का विश्लेषण कीजिए । *1*
Analyse any one reason for the defeat of the Congress Party in 1977.

**4.** 'गठबंधन सरकार' की अवधारणा स्पष्ट कीजिए । *1*
Explain the concept of a 'Coalition Government'.

**5.** महिला सशक्तीकरण की ओर ले जाने वाला जन आंदोलन कौन-सा था ? *1*
Which popular movement led to the empowerment of women ?

**6.** गुट-निरपेक्ष आंदोलन द्वारा नव स्वतंत्र देशों को दिए गए प्रमुख योगदान का आकलन कीजिए । *2*
Assess the main contribution of the Non-Aligned Movement to the newly independent countries.

**7.** एक उदाहरण की सहायता से यह दर्शाइए कि वैश्वीकरण ने भारत में परिधान संस्कृति को प्रभावित किया है । *2*

Show with the help of one example that globalisation has affected the dress culture of India.

**8.** 'साझी संपदा' के अंतर्गत आने वाले किन्हीं चार हिस्सों अथवा क्षेत्रों को सूचीबद्ध कीजिए । $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

List any four areas or regions which come under 'Global Commons'.

**9.** कॉलम 'A' में दिए गए तथ्यों का, कॉलम 'B' के तथ्यों से अर्थपूर्ण मिलान कीजिए : $\frac{1}{2} \times 4 = 2$

| | *कॉलम 'A'* | | *कॉलम 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | दूसरी पंचवर्षीय योजना के योजनाकार | (i) | बलराज मधोक |
| (b) | जनसंघ के एक नेता | (ii) | मौलाना अबुल कलाम आज़ाद |
| (c) | स्वतंत्र पार्टी के नेता | (iii) | पी.सी. महालनोबिस |
| (d) | हिंदू-मुस्लिम एकता के प्रतिपादक | (iv) | मीनू मसानी |

Match the facts given in Column 'A' with those in Column 'B' in a meaningful way :

| | *Column 'A'* | | *Column 'B'* |
|---|---|---|---|
| (a) | Architect of the Second Five Year Plan | (i) | Balraj Madhok |
| (b) | One of the leaders of Jana Sangh | (ii) | Maulana Abul Kalam Azad |
| (c) | Leader of the Swatantra Party | (iii) | P.C. Mahalanobis |
| (d) | Proponent of Hindu-Muslim Unity | (iv) | Minoo Masani |

10. भारतीय विदेश नीति के ऐसे कोई दो पक्ष उजागर कीजिए जो पं. जवाहरलाल नेहरू से अत्यधिक प्रभावित थे । *1×2=2*

Highlight any two aspects of the Indian Foreign Policy which were greatly influenced by Pt. Jawaharlal Nehru.

11. चीन द्वारा उठाए गए ऐसे किन्हीं चार कदमों की व्याख्या कीजिए जिनके कारण उसकी अर्थव्यवस्था का उत्थान हुआ । *1×4=4*

Explain any four steps taken by China that led to the rise of its economy.

12. ऐसे कोई चार कारक उजागर कीजिए जो संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् में भारत की स्थायी सदस्यता के दावे को उचित ठहराते हैं । *1×4=4*

Highlight any four factors which justify India's claim to a permanent seat in the U.N. Security Council.

13. 'हरित क्रांति' के किन्हीं चार लाभों का मूल्यांकन कीजिए । *1×4=4*

Evaluate any four benefits of the 'Green Revolution'.

14. भारत ने अपने-आप को, दोनों महाशक्तियों के गुटों से क्यों अलग रखा ? *4*

Why did India distance herself from the two superpower camps ?

15. दलित पैंथर्स द्वारा अपने हितों को बढ़ावा देने के लिए अपनाई गई किन्हीं चार गतिविधियों का वर्णन कीजिए । *1×4=4*

Describe any four activities of the Dalit Panthers to promote their interests.

16. भारत के किन्हीं चार प्रधान मंत्रियों का उल्लेख कीजिए तथा उनके क्रमशः गठबंधनों के नाम लिखिए जिन्होंने 1989 से 1999 के बीच संघीय सरकार का संचालन किया । *1×4=4*

Mention any four Prime Ministers of India and name their respective coalitions that led the Union Government from 1989 to 1999.

**17.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

'क्यूबा मिसाइल संकट' शीत युद्ध का चरम बिंदु था । शीत युद्ध संयुक्त राज्य अमरीका और सोवियत संघ तथा उनके साथी देशों के बीच प्रतिद्वंद्विता, तनाव और संघर्ष की एक शृंखला के रूप में जारी रहा । सौभाग्य से इन तनावों और संघर्षों ने 'पूर्णव्यापी रक्तरंजित युद्ध' का रूप नहीं लिया ।

(a) 'पूर्णव्यापी रक्तरंजित युद्ध' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(b) 'क्यूबा मिसाइल संकट' को शीत युद्ध के चरम बिन्दु के रूप में क्यों समझा जाता था ?

(c) "विचारधारात्मक संघर्ष भी शीत युद्ध का एक कारण था ।" आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं ? *1+2+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

The 'Cuban Missile Crisis' was a high point of what came to be known as the Cold War. The Cold War referred to the competitions, the tensions and a series of confrontations between the United States of America and the Soviet Union, backed by their respective allies. Fortunately, however, it never escalated into a 'hot war'.

(a) Explain the meaning of 'hot war'.

(b) Why was the 'Cuban Missile Crisis' considered as the high point of the Cold War ?

(c) "Ideological conflict was also a cause of the Cold War." How far do you agree with the statement ?

**18.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

काँग्रेस का जन्म 1885 में हुआ था । उस वक्त यह नव शिक्षित, कामकाजी और व्यापारिक वर्गों का एक दबाव समूह भर थी लेकिन बीसवीं सदी में इसने जन आंदोलन का रूप ले लिया । इस वजह से काँग्रेस ने एक जनव्यापी राजनीतिक पार्टी का रूप लिया और राजनीतिक व्यवस्था में इसका दबदबा कायम हुआ । शुरू-शुरू में काँग्रेस में अंग्रेज़ीदाँ, अगड़ी जाति, ऊँचले मध्यम वर्ग और शहरी अभिजन का बोलबाला था । लेकिन काँग्रेस ने जब भी सविनय अवज्ञा जैसे आंदोलन चलाए, उसका सामाजिक आधार बढ़ा ।

(a) दबाव समूह से क्या अभिप्राय है ?

(b) स्वतंत्रता प्राप्त होते-होते, काँग्रेस के एक सतरंगे सामाजिक गठबंधन के रूप में परिवर्तित होने का कारण स्पष्ट कीजिए ।

(c) बीसवीं सदी में काँग्रेस एक जनव्यापी राजनीतिक दल कैसे बन गई ? *1+2+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

The Congress evolved from its origins in 1885 as a pressure group for the newly educated, professionals and commercial classes to a mass movement in the twentieth century. This laid the basis for its eventual transformation into a mass political party and its subsequent domination of the political system. Thus the Congress began as a party dominated by the English speaking, upper caste, upper middle class and urban elite. But with every Civil Disobedience Movement it launched, its social base widened.

(a) What is meant by a pressure group ?

(b) Explain the reason for the Congress to be transformed into a rainbow-like social coalition by the time of Independence.

(c) What made the Congress into a mass political party in the twentieth century ?

**19.** नीचे दिए गए अवतरण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

1977 के चुनावों को जनता पार्टी ने आपातकाल के ऊपर जनमत-संग्रह का रूप दिया । इस पार्टी ने चुनाव प्रचार में काँग्रेस शासन के अलोकतांत्रिक चरित्र और आपातकाल के दौरान की गई विभिन्न ज़्यादतियों पर ज़ोर दिया । हज़ारों लोगों की गिरफ़्तारी और प्रेस की सेंसरशिप की पृष्ठभूमि में जनमत काँग्रेस के विरुद्ध था ।

(a) 'जनमत-संग्रह' का अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

(b) "आपातकाल के दौरान, हज़ारों लोगों की गिरफ़्तारी तथा प्रेस की सेंसरशिप जैसे कार्य अलोकतांत्रिक थे ।" क्या आप इस कथन से सहमत हैं ? प्रत्येक कार्य के पक्ष अथवा विरोध में एक-एक उपयुक्त तर्क देकर अपने उत्तर की पुष्टि कीजिए ।

(c) 1977 के चुनावों को भारी बहुमत से जीतने के बावजूद, जनता पार्टी केवल थोड़े समय के लिए ही सत्ता में क्यों रही ? स्पष्ट कीजिए । *1+2+2=5*

Read the passage given below carefully and answer the following questions :

The Janata Party made the 1977 elections into a referendum on the Emergency. Its election campaign was focused on the non-democratic character of the Congress rule and on the various excesses that took place during this period. In the backdrop of arrests of thousands of persons and the censorship of the Press, the public opinion was against the Congress.

(a) What is meant by 'referendum' ?

(b) "Acts like arrests of thousands of persons and the censorship of the Press during the Emergency period were non-democratic." Do you agree with the statement ? Justify your answer with one suitable argument for/against each act.

(c) In spite of winning the 1977 elections with a thumping majority, why could the Janata Party remain in power only for a short period ? Explain.

**20.** नीचे दिए गए कार्टून का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :





(a) यह कार्टून किस देश से सम्बन्धित है ?

(b) इस देश की आर्थिक नीतियों में 'तब' से 'अब' तक आए किन्हीं दो परिवर्तनों का मूल्यांकन कीजिए ।

(c) इस देश में हुए नवीनतम परिवर्तनों के किन्हीं दो परिणामों का आकलन कीजिए । *1+2+2=5*

Study the cartoon given below carefully and answer the following questions :




(a) Which country does this cartoon refer to ?

(b) Evaluate any two changes in the economic policies of this country from 'then' to 'now'.

(c) Assess any two outcomes of the latest changes that took place in this country.

***नोट :*** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 20 के स्थान पर हैं :*

***Note :*** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 20 :*

(20.1) ASEAN (आसियान) का विस्तृत रूप क्या है ?

(20.2) आसियान का मुख्य उद्देश्य बताइए ।

(20.3) 'आसियान शैली' से क्या अभिप्राय है ? *1+2+2=5*

(20.1) What is the full form of ASEAN ?

(20.2) State the main objective of the ASEAN.

(20.3) What does the 'ASEAN Way' mean ?

**21.** **भारत** के दिए गए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 12 पर) में पाँच राज्यों को Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ तथा Ⓔ द्वारा दर्शाया गया है । नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इन राज्यों की पहचान कीजिए और अपनी उत्तर-पुस्तिका में इनके सही नाम, प्रयोग की गई जानकारी की क्रम संख्या तथा सम्बन्धित अक्षर, नीचे दी गई तालिका के रूप में लिखिए :

| प्रयोग की गई जानकारी की क्रम-संख्या | सम्बन्धित अक्षर | राज्य का नाम |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) वह राज्य जहाँ जलियाँवाला बाग़ नरसंहार हुआ था ।

(ii) वह राज्य जहाँ 'अमूल' नाम के अंतर्गत, डेयरी सहकारिता आंदोलन शुरू हुआ ।

(iii) वह राज्य जो 'हरित क्रान्ति' से लाभान्वित हुआ ।

(iv) वह राज्य जिसका गठन वर्ष 2000 में हुआ था ।

(v) वह राज्य जहाँ 1960 के दशक में अकाल जैसी स्थिति थी । *1×5=5*

In the given political outline map of **India** (on page 12), five States have been marked as Ⓐ, Ⓑ, Ⓒ, Ⓓ and Ⓔ. Identify these States on the basis of the information given below and write their correct names in your answer-book along with the respective serial number of the information used and the concerned alphabet as per the following format :

| Sr. No. of the information used | Concerned Alphabet | Name of the State |
|---|---|---|
| (i) | | |
| (ii) | | |
| (iii) | | |
| (iv) | | |
| (v) | | |

(i) The State where the Jallianwalla Bagh massacre took place.


(ii) The State where a Dairy Cooperative Movement under the name 'Amul' was launched.

(iii) The State which was benefitted by the 'Green Revolution'.

(iv) The State which was created in 2000.

(v) The State which faced a near-famine situation during the 1960s.

## भारत का रेखा-मानचित्र (राजनीतिक)
## Outline Map of India (Political)



**नोट :** *निम्नलिखित प्रश्न केवल **दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों** के लिए, प्रश्न संख्या 21 के स्थान पर हैं :*

**Note :** *The following questions are for the **Visually Impaired Candidates** only, in lieu of Question No. 21 :*

(21.1) जलियाँवाला बाग़ नरसंहार किस राज्य में घटित हुआ था ?

(21.2) 'अमूल' दुग्ध डेयरी सहकारी आंदोलन का प्रारम्भ किस राज्य से हुआ था ?

(21.3) वर्ष 2000 में गठित होने वाले राज्य का नाम लिखिए ।

(21.4) भारत के पूर्व में स्थित उस राज्य का नाम लिखिए जो 1947 में विभाजन के समय बँटवारे के कारण अस्तित्व में आया ।

(21.5) हरित क्रांति से सर्वाधिक लाभान्वित होने वाले दो राज्य कौन-से हैं ? *1×5=5*

(21.1) In which State did Jallianwalla Bagh massacre take place ?

(21.2) In which State was the 'Amul' Milk Dairy Cooperative Movement started ?

(21.3) Name the State which was created in the year 2000.

(21.4) Name the State in the East of India which came into existence due to bifurcation at the time of partition in 1947.

(21.5) Which two States were the most benefitted by the Green Revolution ?

**22.** 'शॉक थेरेपी' से क्या अभिप्राय है ? शॉक थेरेपी के किन्हीं चार परिणामों की व्याख्या कीजिए । *2+4=6*

**अथवा**

अल्प विकसित देशों के विकास के लिए 'नव अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था' (NIEO) के विचार को स्पष्ट कीजिए । वैश्विक व्यापार प्रणाली में सुधार होने के लिए युनाइटेड नेशंस कॉन्फ्रेंस ऑन ट्रेड एंड डेवलपमेंट द्वारा 1972 में प्रस्तावित किन्हीं तीन सुधारों को उजागर कीजिए । *3+3=6*

What is meant by 'Shock Therapy' ? Explain any four consequences of Shock Therapy.

**OR**

Explain the idea of New International Economic Order (NIEO) for the development of Least Developed Countries (LDCs). Highlight any three reforms proposed by the United Nations Conference on Trade and Development in 1972 to improve the global trading system.

**23.** संयुक्त राज्य अमरीका द्वारा किए गए किन्हीं तीन ऑपरेशन्स (सैन्य कार्रवाइयों) का वर्णन कीजिए जिनसे अमरीका की सैन्य शक्ति की सर्वोच्चता सिद्ध एवं स्थापित हुई । *2×3=6*

**अथवा**

भारत और पाकिस्तान के बीच किन्हीं तीन विवादित मुद्दों का वर्णन कीजिए । *2×3=6*

Describe any three operations (military actions) launched by the US which proved and established its supremacy as a Hard Power.

**OR**

Describe any three points of conflict between India and Pakistan.

**24.** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के नए स्थायी और अस्थायी सदस्यों के लिए मानदण्ड के रूप में प्रस्तावित छ: सुधारों का परीक्षण कीजिए । *1×6=6*

**अथवा**

भारत की सुरक्षा रणनीति के किन्हीं तीन बड़े घटकों का विश्लेषण कीजिए । *2×3=6*

Examine the six reforms proposed as criteria for new permanent and non-permanent members of the U.N. Security Council.

**OR**

Analyse any three broad components of the security strategy of India.

**25.** 1975 में आपातकाल घोषित किए जाने के किन्हीं तीन प्रमुख कारणों का वर्णन कीजिए । *2×3=6*

**अथवा**

इंदिरा गाँधी द्वारा 'ग़रीबी हटाओ' कार्यक्रम को लागू करने के लिए उठाए गए किन्हीं चार कदमों का वर्णन कीजिए । $1\frac{1}{2}\times4=6$

Describe any three major reasons that led to the declaration of Emergency in 1975.

**OR**

Describe any four steps taken by Indira Gandhi to implement the 'Garibi Hatao' Programme.

**26.** आज के वैश्विक पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने वाले किन्हीं तीन ख़तरों का विश्लेषण कीजिए । *2×3=6*

**अथवा**

वैश्वीकरण की किन्हीं तीन हानियों का विश्लेषण कीजिए । *2×3=6*

Analyse any three threats to the global environment these days.

**OR**

Analyse any three demerits of globalisation.

**27.** "कड़े मुकाबले और बहुत से संघर्षों के बावजूद, भारत के अधिकतर राजनीतिक दलों के बीच एक सहमति उभरती सी जान पड़ रही है ।" इस कथन के संदर्भ में, बढ़ती सहमति के किन्हीं तीन तत्त्वों का विश्लेषण कीजिए । *2×3=6*

**अथवा**

"जम्मू-कश्मीर बहुलवादी समाज और राजनीति का एक जीवंत उदाहरण है ।" किन्हीं तीन उपयुक्त तर्कों द्वारा इस कथन की पुष्टि कीजिए । *2×3=6*

"In the midst of severe competition and many conflicts, a consensus appears to have emerged among most political parties of India." In the light of this statement, analyse any three elements of growing consensus.

**OR**

"Jammu and Kashmir is one of the living examples of plural society and politics." Justify the statement with any three suitable arguments.